भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1968**
11 दिसंबर, 2025 को उत्तर देने के लिए

## महाराष्ट्र में केला क्लस्टर की स्थापना

**1968. श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतरावः**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के विभिन्न राज्यों में कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों (एपीसी) को मंजूरी दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या महाराष्ट्र राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित नांदेड़ जिला अपनी अनुकूल कृषि-जलवायु परिस्थितियों के कारण संभावित केला उत्पादक क्षेत्र के रूप में उभरा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में केला क्लस्टर स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार का उक्त क्लस्टर को निर्धारित समय-सीमा के भीतर स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) सरकार द्वारा महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के किसानों के लाभ के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं तथा उनकी उपज के लिए किस प्रकार बाजार तक उचित पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है?

## उत्तर

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) वर्ष 2017 से देश में क्लस्टर दृष्टिकोण के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक अवसंरचना के विकास के लिए प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की एक घटक योजना- कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) के लिए अवसंरचना सृजन योजना कार्यान्वित्त कर रहा है। एपीसी योजना राज्य विशिष्ट नहीं है। अब तक, मंत्रालय ने योजना के अंतर्गत 66 कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों को मंजूरी दी है। 66 कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ख):** महाराष्ट्र राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित नांदेड़ जिला बागवानी के एकीकृत विकास मिशन (एमआईडीएच), एपीडा के अंतर्गत कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग (डीएसी एंड एफडब्ल्यू) द्वारा पहचाने गए केले के समूहों में से नहीं है।

**(ग) और (घ):** मंत्रालय स्वयं कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर स्थापित नहीं करता है। कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) अवसंरचना सृजन योजना एक मांग आधारित योजना है जिसके अंतर्गत मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) से संभावित निवेशकों/उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**(ङ):** खाद्य आपूर्ति-श्रृंखला अवसंरचना में अंतराल को दूर करने और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) अपनी दो केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं नामत: प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) के माध्यम से संबंधित अवसंरचना की स्थापना/विस्तार को प्रोत्साहित कर रहा है। एमओएफपीआई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना नामक एक केंद्र प्रायोजित योजना भी कार्यान्वित्त कर रहा है। मंत्रालय इन योजनाओं के अंतर्गत पात्र संस्थाओं को सब्सिडी/प्रोत्साहन प्रदान करता है। इन योजनाओं का उद्देश्य फार्म गेट से खुदरा दुकानों तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना सृजन करना है जिसमें भंडारण, परिवहन, मूल्य संवर्धन आदि शामिल हैं, जिससे किसानों को बेहतर आय प्रदान करने, कृषि उपज के अपव्यय को कम करने, फसलोत्तर नुकसान में कमी, उत्पादकता बढ़ाने और प्रसंस्करण स्तर को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलती है। खाद्य प्रसंस्करण अवसंरचना सृजन से, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कच्चे माल के रूप में कृषि उपज की मांग बढ़ जाती है, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलते हैं और फार्म गेट की लाभप्रदता बढ़ती है।

****

**अनुबंध**

**दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए "महाराष्ट्र में केला क्लस्टर की स्थापना" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1968 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| क्रम.सं. | परियोजना निष्पादन एजेंसी (पीइए) का नाम | ज़िला | राज्य | अनुमोदन की तिथि | परियोजना लागत (करोड़ में) | अनुमोदित अनुदान (करोड़ में) | जारी कुल अनुदान (करोड़ में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स रमनसिंह्स ग्लोबल फूड पार्क | एलुरु | आंध्र प्रदेश | 20.11.2023 | 25.85 | 10.00 | 3.33 | कार्यान्वयनाधीन |
| 2 | मेसर्स एमआर एग्रोटेक इंडस्ट्रीज | नेल्लोर | आंध्र प्रदेश | 20.11.2023 | 28.76 | 10.00 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 3 | मेसर्स श्री ललिता एंटरप्राइजेज इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | पूर्वी गोदावरी | आंध्र प्रदेश | 28.02.2024 | 48.66 | 10.00 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 4 | मेसर्स आलमंधा फूड पार्क | विजयनगरम | आंध्र प्रदेश | 28.02.2024 | 20.78 | 10.00 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 5 | मेसर्स शुभ करण फूड पार्क | कामरूप (ग्रामीण) | असम | 03.10.2019 | 22.51 | 10.00 | 7.29 | कार्यान्वयनाधीन |
| 6 | मेसर्स जय श्री कृष्ण डेवलपर्स | तिनसुकिया | असम | 03.12.2019 | 19.11 | 8.72 | 6.04 | कार्यान्वयनाधीन |
| 7 | मेसर्स सुरिंदरा एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर | सोनितपुर | असम | 09.01.2020 | 20.53 | 9.14 | 8.22 | पूर्ण |
| 8 | मेसर्स सुमित्रा एग्रो फूड पार्क | दरांग | असम | 30.03.2021 | 19.44 | 7.59 | 5.61 | कार्यान्वयनाधीन |
| 9 | मेसर्स साल्ट रेंज एग्री सॉल्यूशंस एलएलपी | मोरीगांव | असम | 17.03.2021 | 23.06 | 9.89 | 6.67 | कार्यान्वयनाधीन |
| 10 | मेसर्स नेज़ोन फूड्स | कामरूप | असम | 10.11.2022 | 25.54 | 10.00 | 3.33 | कार्यान्वयनाधीन |
| 11 | मेसर्स के डी एग्रो इंडस्ट्रीज | कछार | असम | 20.11.2023 | 27.24 | 10.00 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 12 | मेसर्स श्रीकंगन फूड पार्क | बेगूसराय | बिहार | 15.03.2019 | 30.43 | 7.90 | 2.49 | कार्यान्वयनाधीन |
| 13 | मेसर्स के के एग्रो ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड | बेमेतरा | छत्तीसगढ | 28.02.2024 | 68.86 | 10 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 14 | मेसर्स पटेल रिटेल प्राइवेट लिमिटेड | कच्छ | गुजरात | 07.02.2019 | 13.7 | 4.36 | 3.98 | पूर्ण |
| 15 | मेसर्स शुकुन बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड | बनासकांठा | गुजरात | 31.08.2018 | 31.65 | 10.00 | 6.91 | प्रचालनरत |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | मेसर्स जेआर फूड्स एंड बेवरेजेज | नवसारी | गुजरात | 01.07.2019 | 30.15 | 8.75 | 6.13 | प्रचालनरत |
| 17 | मेसर्स महाराजा डिहाइड्रेशन प्राइवेट लिमिटेड | भावनगर | गुजरात | 08.06.2020 | 16.11 | 4.31 | 3.08 | प्रचालनरत |
| 18 | मेसर्स श्री श्याम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड | हिसार | हरियाणा | 18.02.2019 | 10.26 | 3.09 | 2.48 | प्रचालनरत |
| 19 | मेसर्स करनाल फूड पैक क्लस्टर लिमिटेड | करनाल | हरियाणा | 06.04.2018 | 32.97 | 9.86 | 6.93 | कार्यान्वयनाधीन |
| 20 | मेसर्स एपीजी फूड्स डिवीजन प्राइवेट लिमिटेड | सोलन | हिमाचल प्रदेश | 28.02.2024 | 22.66 | 10.00 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 21 | मेसर्स जुम ज़ूम एग्री फ्रेश | शोपियां | जम्मू और कश्मीर | 05.11.2018 | 24.39 | 10.00 | 7.42 | प्रचालनरत |
| 22 | मेसर्स जेम फूड पार्क एलएलपी | देवनागेरे | कर्नाटक | 15.03.2019 | 40.01 | 9.77 | 6.92 | प्रचालनरत |
| 23 | मेसर्स उडुपी फूड पार्क | उडुपी | कर्नाटक | 16.03.2021 | 16.08 | 5.23 | 3.75 | कार्यान्वयनाधीन |
| 24 | मेसर्स श्री लक्ष्मीबालाजी एग्रो पार्क प्राइवेट लिमिटेड | कोप्पल | कर्नाटक | 10.11.2022 | 36.34 | 10.00 | 3.18 | कार्यान्वयनाधीन |
| 25 | मेसर्स चेंदयाद ग्रेनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड | वायनाड | केरल | 03.10.2019 | 29.5 | 9.89 | 9.65 | पूर्ण |
| 26 | मेसर्स सिंथाइट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | एर्नाकुलम | केरल | 30.04.2020 | 42.22 | 9.05 | 8.37 | पूर्ण |
| 27 | मेसर्स निमाड़ एग्रो पार्क | बड़वानी | मध्य प्रदेश | 08.06.2018 | 31.55 | 10.00 | 7.15 | प्रचालनरत |
| 28 | मेसर्स भारती एग्रो क्लस्टर | बेतुल | मध्य प्रदेश | 19.12.2018 | 26.13 | 9.80 | 6.93 | प्रचालनरत |
| 29 | मेसर्स प्रशुन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | धार | मध्य प्रदेश | 24.12.2020 | 23.6 | 9.86 | 6.65 | कार्यान्वयनाधीन |
| 30 | मेसर्स सह्याद्री फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड | नासिक | महाराष्ट्र | 15.03.2018 | 33.27 | 8.65 | 8.43 | पूर्ण |
| 31 | मेसर्स इंडिया मेगा एग्रो अनाज लिमिटेड | नांदेड़ | महाराष्ट्र | 15.03.2018 | 30.99 | 10.00 | 6.5 | प्रचालनरत |
| 32 | मेसर्स स्वाभिमानी को-ऑप इंडस्ट्रियल एस्टेट लिमिटेड (सहकारी) | कोल्हापुर | महाराष्ट्र | 15.03.2018 | 31.97 | 10.00 | 6.95 | प्रचालनरत |
| 33 | मेसर्स किसान संपदा फूड पार्क इंडस्ट्रीज | नागपुर | महाराष्ट्र | 08.06.2018 | 29.96 | 9.69 | 8.33 | पूर्ण |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | मेसर्स मधुर फूड पार्क एलएलपी | धुले | महाराष्ट्र | 31.08.2018 | 25.84 | 10.00 | 6.54 | प्रचालनरत |
| 35 | मेसर्स रेवा तापी वैली इंडस्ट्रियल ड | नंदुरबार | महाराष्ट्र | 01.08.2019 | 27.06 | 10.00 | 6.75 | कार्यान्वयनाधीन |
| 36 | मेसर्स प्रवीण मसालेवाले | सतारा | महाराष्ट्र | 24.12.2020 | 64.69 | 10.00 | 6.75 | कार्यान्वयनाधीन |
| 37 | मेसर्स बाहेती कृषि समुहा एलएलपी | वाशिम | महाराष्ट्र | 16.03.2021 | 12.54 | 2.84 | 1.99 | कार्यान्वयनाधीन |
| 38 | मेसर्स चिंतेश्वर एग्रो प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड | बीड, | महाराष्ट्र | 17.11.2021 | 22.50 | 8.27 | 5.65 | कार्यान्वयनाधीन |
| 39 | मेसर्स वर्षा एग्रो | पुणे | महाराष्ट्र | 10.11.2022 | 40.67 | 10.00 | 3.28 | कार्यान्वयनाधीन |
| 40 | मेसर्स आर्य फूड एंड अदर प्रोडक्ट्स प्रोसेसिंग यूनिट | सोलापुर | महाराष्ट्र | 20.11.2023 | 28.54 | 10.00 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 41 | मेसर्स दिव्यांश एग्रो एंड फूड पार्क | भंडारा | महाराष्ट्र | 10.11.2022 | 26.65 | 10.00 | 3.33 | कार्यान्वयनाधीन |
| 42 | मेसर्स हर्षिव हेल्दी फूड्स एंड मोर प्राइवेट लिमिटेड | नागपुर | महाराष्ट्र | 28.02.2024 | 39.32 | 10 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 43 | मेसर्स विजय नगर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड | नबरंगपुर | ओडिशा | 10.11.2022 | 50.524 | 10.00 | 9.77 | पूर्ण |
| 44 | मेसर्स एसएमएस फूड पार्क | जालंधर | पंजाब | 15.03.2019 | 15.19 | 4.68 | 3.19 | कार्यान्वयनाधीन |
| 45 | मेसर्स बिग बेली ब्रदर्स गॉरमेट ग्राउंड्स | मुक्तसर | पंजाब | 08.06.2018 | 27.86 | 8.66 | 6.16 | कार्यान्वयनाधीन |
| 46 | मेसर्स टीआर मेगा फूड्स एंड बेवरेजेज एलएलपी | फिरोजपुर | पंजाब | 03.07.2019 | 27.44 | 6.75 | 5.14 | प्रचालनरत |
| 47 | मेसर्स गरुड़ अर्बन रेमेडीज लिमिटेड | जालौर | राजस्थान | 10.11.2022 | 38.65 | 10.00 | 3.33 | कार्यान्वयनाधीन |
| 48 | मेसर्स ग्रीनफील्ड्स एग्रो पार्क | टोंक | राजस्थान | 20.11.2023 | 23.21 | 8.64 | 2.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| 49 | मेसर्स जेएफके इंटरनेशनल | कोयंबटूर | तमिलनाडु | 01.08.2019 | 16.71 | 4.19 | 3.77 | पूर्ण |
| 50 | मेसर्स पी दुरईसामी महाराजा राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड | तिरुपूर | तमिलनाडु | 03.10.2019 | 26.83 | 8.76 | 6.22 | कार्यान्वयनाधीन |
| 51 | मेसर्स तिरुवन्नामलाई मार्केट कमेटी | तिरुवन्नामलाई | तमिलनाडु | 29.04.2020 | 25.50 | 5.74 | 1.81 | कार्यान्वयनाधीन |
| 52 | मेसर्स सलेम मार्केट कमेटी | सलेम | तमिलनाडु | 29.04.2020 | 25.25 | 5.97 | 1.88 | कार्यान्वयनाधीन |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | मेसर्स थेनी मार्केट कमेटी | थेनी | तमिलनाडु | 29.04.2020 | 26.30 | 5.99 | 1.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| 54 | मेसर्स धर्मपुरी मार्केट कमेटी | कृष्णागिरी | तमिलनाडु | 29.04.2020 | 26.82 | 5.89 | 1.85 | कार्यान्वयनाधीन |
| 55 | मेसर्स मदुरै मार्केट कमेटी | मदुरै | तमिलनाडु | 29.04.2020 | 32.06 | 5.79 | 1.82 | कार्यान्वयनाधीन |
| 56 | मेसर्स डिंडीगुल मार्केट कमेटी | डिंडीगुल | तमिलनाडु | 29.04.2020 | 29.01 | 6.73 | 2.12 | कार्यान्वयनाधीन |
| 57 | मेसर्स कुड्डालोर मार्केट कमेटी | कुड्डालोर | तमिलनाडु | 29.04.2020 | 25.00 | 5.97 | 1.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| 58 | मेसर्स डेल्टा फूड्स | पुदुक्कोट्टई, | तमिलनाडु | 08.06.2020 | 24.31 | 7.47 | 6.26 | प्रचालनरत |
| 59 | मेसर्स वामसी आरएस इंडस्ट्रियल जोन | इरोड | तमिलनाडु | 17.11.2021 | 33.16 | 9.13 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 60 | मेसर्स इंटीग्रेटेड सर्विस पॉइंट प्राइवेट लिमिटेड | तिरुवल्लुर | तमिलनाडु | 28.02.2024 | 42.63 | 10 | 6.66 | कार्यान्वयनाधीन |
| 61 | मेसर्स काकुमनु सीड्स | सिद्दीपेट | तेलंगाना | 29.04.2020 | 39.8 | 7.43 | 5.02 | कार्यान्वयनाधीन |
| 62 | मेसर्स महादेवी एग्रो मिल्स प्राइवेट लिमिटेड | सिद्दीपेट | तेलंगाना | 10.11.2022 | 44.48 | 10.00 | 6.66 | कार्यान्वयनाधीन |
| 63 | मेसर्स गायत्री एग्रो इंडस्ट्रियल पावर लिमिटेड | नालगोंडा | तेलंगाना | 10.11.2022 | 23.39 | 5.82 | 3.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| 64 | मेसर्स राजेंद्र फीड्स एलएलपी | सिद्दीपेट | तेलंगाना | 20.11.2023 | 44.00 | 10.00 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 65 | मेसर्स गोविंदग्रीन फूड्स इंफ्राटेक | कानपुर देहात | उत्तर प्रदेश | 06.04.2018 | 34.31 | 9.02 | 7.11 | प्रचालनरत |
| 66 | मेसर्स सीआरडी फूड्स | मथुरा | उत्तर प्रदेश | 07.12.2018 | 21.05 | 10.00 | 9.72 | पूर्ण |